REPRESENTATIVE FOR CHILDREN AND YOUTH

बाल तथा युवा प्रतिनिधि

समीक्षा तथा जांच-पड़ताल तथ्य पत्र

लक्ष्य

सरकारी सेवाएं प्राप्त करने वाले बच्चों तथा युवाओं की मृत्यु तथा चोट की घटनाओं की पड़ताल करना ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हम इन घटनाओं से सीखें।

RCY क्या करते हैं?

- यदि *बाल तथा परिवार विकास मंत्रालय* (MCFD) से सेवाएं प्राप्त करने वाले किसी बच्चे या युवा की मृत्यु हो जाती है या उसे गंभीर चोट लगती है तो *बाल तथा युवा प्रतिनिधि* (RCY) घटना की समीक्षा तथा जांच-पड़ताल करता है तथा सेवाओं में सुधार की ऐसी सिफारिशें करता है जिनसे भविष्य में मृत्यु तथा चोट की ऐसी घटनाओं को रोकने में मदद मिल सके।

हम समीक्षा तथा जांच-पड़ताल कैसे करते हैं?

- समीक्षाएं तथा जांच-पड़ताल कई रूप ले सकती हैं। RCY:
  - *रुझानों की पहचान करने के लिए एक ही प्रकार की विशेषताओं वाली कई चोटों या मृत्युओं के बारे में जानकारी की समीक्षा कर सकता है*
  - *किसी एक विशेष चोट या मृत्यु से संबंधित सभी दस्तावेजों की समीक्षा कर सकता है*
  - *किसी विशेष मृत्यु या चोट की संपूर्ण जांच कर सकता है जिसमें गवाहों की इंटरवव्यू लेना भी शामिल है।*
- ज़रुरत पड़ने पर गवाही देने के लिए मजबूर करने के कानूनी अधिकार RCY के पास हैं।
- ज़रुरी है कि RCY की समीक्षाएं तथा पड़तालें, अन्य कार्यवाहियों, जैसे पुलिस की जांच-पड़ताल, MCFD की समीक्षाओं, अदालती कार्यवाहियों तथा पूछताछ की प्रगति में रुकावट न डालें।

गंभीर चोट तथा मृत्यु के मामले हमारे पास कैसे भेजे जाते हैं?

- MCFD से सेवा प्राप्त करने वाले बच्चों और युवाओं से संबंधित घटनाएं स्वचालित रूप से RCY को सूचित की जाती हैं।
- बी.सी. विधानमंडल की बच्चों और युवाओं के लिए सर्वदलीय विशिष्ट स्थायी समिति द्वारा भी बच्चों और युवाओं की चोटों और मृत्यु के मामलों को RCY के पास भेजा जा सकता है।
- यह सुनिश्चित करने के लिए कि हमारा डेटा पूरा है, RCY नियमित रूप से MCFD और अन्य एजेंसियों, जैसे *BC कोरोनर्स सेवा*, के साथ चोटों और मौतों की संख्या की नियमित रूप से तुलना करती है।

समीक्षाएं तथा जांच-पड़ताल कौन करता है?

- RCY के जांचकर्ता गंभीर चोटों और मौतों की समीक्षा करते हैं।
- विशेषज्ञों की एक बहु-विषयक टीम विशिष्ट मामलों और एक जैसे कई मामलों के समूहों से प्राप्त साक्ष्य की समीक्षा तथा जानकारी का विश्लेषण करने में कार्यालय की सहायता करती है।
- इस टीम में शामिल हैं: MCFD तथा *BC कोरोनर्स सर्विस* के प्रतिनिधि तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य, चिकित्सा, विकृति विज्ञान, आदिवासी मुद्दों, पुलिस, शिक्षा और बाल-सेवा प्रणाली के विशेषज्ञ।

हम कैसे रिपोर्ट करते हैं?

- प्रतिनिधि समीक्षाओं तथा जांचों के परिणामों की सूचना बी.सी. विधानमंडल की बच्चों और युवाओं के लिए सर्वदलीय विशिष्ट स्थायी समिति के पास भेजता है।
- समीक्षाओं तथा जांचों के परिणामों को आम जनता के लिए भी रिलीज़ किया जाता है।

मुख्य कार्यालय
Suite 400, 1019 Wharf Street
Victoria, B.C.
V8W 2Y9
मुख्य कार्यालय: 250-356-6710

टॉल-फ्री: 1-800-476-3933
टेक्स्ट: 1-778-404-7161
फैक्स: 250-356-0837
ई-मेल: rcy@rcybc.ca
वेबसाइट: www.rcybc.ca

rcybc
rcybcyouth
@rcybc
@rcybcyouth
rcybcyouth

जॉर्डन विलियम्स द्वारा पृष्ठभूमि कला
Reviewing Fact Sheet [Hindi]